डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल

19,सीताराम नगर,वेलचेरी,चेन्नई

प्रतिवेदन: अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता और मैंग्रोव संरक्षण दिवस-2023-24

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस एक वैश्विक उत्सव है,जिसका उद्देश्य जैव विविधता के महत्त्व और इसके संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। जैव विविधता में पृथ्वी पर पौधों, जानवरों और पारिस्थितिक तंत्र सहित जीवन की विविधता शामिल है। इस वर्ष की थीम जैव विविधता को बनाए रखने में मैंग्रोव वनों की महत्त्वपूर्ण भूमिका और उनके संरक्षण की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डालने हेतु डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल, चेन्नई में 25 जुलाई 2023 को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता और मैंग्रोव संरक्षण दिवस मनाया गया।

इस शुभ दिन का आरंभ गायत्री मंत्रोच्चारण से हुआ और उसके बाद आठवीं कक्षा की छात्रा संयुक्ता ने स्वागत भाषण दिया। मैंग्रोव पारिस्थितिक तंत्र की अभिन्न भूमिका पर जागरूकता बढ़ाने और उनके संरक्षण के लिए समाधान को बढ़ावा देने के लिए कक्षा पाँचवी के छात्रों ने नारों के साथ मनमोहक रैंपवॉक किया,जिसकी दर्शकों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की। कक्षा छठीं के विद्यार्थियों ने मैंग्रोव वन के संरक्षण पर सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया,जो दर्शकों के लिए सीखने का एक संसाधन बना। मैंग्रोव-तूफ़ान, सुनामी के खिलाफ़ प्राकृतिक तटीय सुरक्षा के रूप में काम करता है और तटीय आपदाओं के खिलाफ़ विश्वसनीय सुरक्षा भी प्रदान करता है। इसी पर आधारित सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने टी.वी. चैनल के माध्यम से लाइव शो प्रस्तुत किया। रिपोर्टर की भूमिका का निर्वाहन करते हुए आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने समाचार चैनल के माध्यम से जैव विविधता और मैंग्रोव वन के संरक्षण के महत्त्व पर जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किया। पेड़ हवा की आवाज सुनते हैं -'प्रकृति की गूँज' नाटक के माध्यम से नौवीं कक्षा के छात्रों ने प्रकृति और जैव विविधता पर मानवता के प्रभाव के बीच एक जटिल संबंध को दर्शाया। तत्पश्चात एक शानदार नृत्य -नाटिका के प्रदर्शन के माध्यम से दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने जैव विविधता और निकट भविष्य में दर्शाए जाने वाले परिणामों पर सुंदर प्रस्तुति दी जिसने दर्शकों में उत्साह जगाया। कार्यक्रम के अंत में कक्षा आठवीं की मृथुलिका ने कृतज्ञता भरे शब्दों से सभी का आभार व्यक्त किया। इस उत्सव के माध्यम से जैव विविधता के मुद्दों के बारे में छात्र-छात्राओं में समझ और जागरूकता बढ़ी।

'मैंग्रोव वन संरक्षण' - नारों के साथ मनमोहक रैंपवॉक प्रस्तुति

'मैंग्रोव तटीय आपदाओं के खिलाफ सुरक्षा'-लाइव शो प्रस्तुति

'मैंग्रोव वन संरक्षण' - सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी



'मैंग्रोव वन के संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम'- समाचार चैनल



'प्रकृति की गूँज'- नाटक

नृत्य-नाटिका –
'जैव विविधता और निकट भविष्य'